## खबर संक्षेप



### बोतल में पेट्रोल व डीजल दिया तो होगी सख्त कार्यवाही

**कटनी।** कोतवाली प्रभारी राखी पांडे ने शहर के तीन पेट्रोल पंपों का औचक निरीक्षण किया और कर्मचारियों को कड़े शब्दों में चेतावनी दी कि गाड़ियों के अलावा किसी भी व्यक्ति को बोतल में पेट्रोल या डीजल दिया गया तो सख्त कार्रवाई तय है। शहर के कुछ पेट्रोल पंपों में बोतलों में ईंधन देने की चर्चाएं सामने आती रही हैं, जो किसी भी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती हैं। इस संभावित खतरे को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने कोतवाली पुलिस को इस तरह की गतिविधियों पर तत्काल अंकुश लगाने के निर्देश दिए थे। निर्देशों के पालन में आज लेडी कोतवाल ने पंपों पर पहुंचकर कर्मचारियों को साफ कहा "नियमों का उल्लंघन करते पाए गए तो संबंधित व्यक्तियों पर कठोर कानूनी कदम उठाए जाएंगे।" उन्होंने पंप प्रबंधन को भी आगाह किया कि सुरक्षा मानकों का पालन हर हाल में सुनिश्चित करें। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी पंप पर बोतलों में ईंधन बेचे जाने की जानकारी मिलते ही तुरंत पुलिस को सूचित करें, ताकि ऐसी जोखिमपूर्ण गतिविधियों पर पूरी तरह रोक लगाई जा सके।

### 17 बीएलओ सुपरवाइजर व 61 बीएलओ को शोकाज नोटिस जारी

**कटनी।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कटनी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी विधानसभा क्षेत्र मुड़वारा प्रमोद कुमार चतुर्वेदी ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में रूचि नहीं लेने और कमजोर प्रगति वाले 17 बीएलओ सुपरवाइजर और 61 बीएलओ को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।एस डी एम प्रमोद चतुर्वेदी ने मतदान केन्द्र क्रमांक 61 से 80 के नोडल अधिकारी और अनुविभागीय अधिकारी पीएचई जितेन्द्र गुप्ता द्वारा प्रगति न्यून होने और फ़ोन नहीं उठाने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। इनसे 24 नवंबर को समक्ष में उपस्थित होकर जवाब देने के निर्देश दिए गए हैं। मतदान केंद्रों में बीएलओ एप में गणना पत्रकों के डिजिटाइजेशन का कार्य 40 प्रतिशत से कम होने पर 17 बीएलओ सुपरवाइजर को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।इन सभी से ए ईआरओ के समक्ष जवाब देने के निर्देश दिए गए हैं।इसके अलावा मतदान केंद्रों में बीएलओ एप में गणना पत्रकों के डिजिटाइजेशन का कार्य 30 प्रतिशत से कम होने पर मुड़वारा विधानसभा क्षेत्र के 61 बीएलओ को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।इन सभी को एईआरओ के समक्ष में उपस्थित होकर जवाब देने के निर्देश दिये हैं।

### अनियंत्रित पिकअप पलटा

**कटनी।** पिपरौध स्थित नायरा पेट्रोल पंप के पास एक नारियल से लोड पिकअप अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। हादसे में गाड़ी को नुकसान पहुंचा है लेकिन ड्राइवर और हेल्पर सुरक्षित रहे।

**जीआरपी, आरपीएफ एवं पुलिस की संयुक्त टीम को मिली सफलता, 5 कारतूस अब भी गायब**

# सीआरपीएफ जवान की 2 लोडेड मैगजीन चोरी करने के मामले में तीन गिरफ्तार, 35 कारतूस भी बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



बिहार चुनाव ड्यूटी से लौट रही सीआरपीएफ महिला जवान की इंसास राइफल की दो लोडेड मैगज़ीन चोरी होने की सनसनीखेज घटना में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। जीआरपी, आरपीएफ और जिला पुलिस की संयुक्त टीम ने तीन आरोपियों अजय उर्फ अजना निषाद, अजय उर्फ अज्जू निषाद और लकी निषाद निवासी आधारकाप को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी गई इंसास राइफल की दो मैगज़ीन और 35 कारतूस बरामद कर लिए हैं। हालांकि अब भी पांच गोलियां और तीन अन्य आरोपी फरार हैं, जिनकी तलाश जारी है।

यह पूरी कार्रवाई पुलिस अधीक्षक रेल जबलपुर सुश्री सिमाला प्रसाद के निर्देशन, एएसपी भावना मरावी, डीएसपी अंकिता सुल्या, आरपीएफ डिप्टी कमांडेंट बी.पी. कुशवाहा तथा सीएसपी नेहा पच्चिसिया कटनी के मार्गदर्शन में संचालित की गई।

## झाड़ियों में मिली थी खाली मैगजीन

दिनांक 21 नवंबर 2025 की रात ट्रेन नंबर 00411 इलेक्शन ड्यूटी स्पेशल ट्रेन कटनी आउटर लमतरा-अधारकाप के बीच कुछ समय के लिए रुकी थी। इसी दौरान सीआरपीएफ महिला बटालियन की जवान अस्वार प्रतिज्ञा सुधाकर ने थाने पहुंचकर सूचना दी कि सीट पर रखा मैगज़ीन पाउच, जिसमें उनका एक मैगज़ीन, 20 गोलियां तथा साथी जवान हिरलबेन का एक मैगज़ीन और 20 गोलियां संदिग्ध रूप से चोरी हो गए। शुरुआती तलाशी में दोनों खाली मैगज़ीन झाड़ियों के पास मिले, लेकिन कुल 40 गोलियां गायब थीं, जिससे सुरक्षा एजेंसियों में हड़कंप मच गया। इंसास राइफल की 40 गोलियां किसी भी बड़ी वारदात को अंजाम देने के लिए पर्याप्त मानी जाती हैं। इसी वजह से पुलिस इस मामले को सामान्य चोरी नहीं बल्कि गंभीर सुरक्षा खतरा मान कर जांच कर रही थी। जीआरपी ने तुरंत धारा 305 सीबीएनएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया यह धारा राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े मामलों में लगाई जाती है। 23 नवंबर 2025 को जीआरपी, आरपीएफ और जिला पुलिस की संयुक्त टीम ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए चोरी हुए 2 मैगज़ीन, कुल 35 कारतूस, कीमत लगभग 4500 रुपये बरामद किए।

बरामदगी और गिरफ्तारी की कार्रवाई में जीआरपी थाना प्रभारी निरीक्षक एल.पी. कश्यप, उनि अनिल मरावी, आरपीएफ पोस्ट प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह, जिला पुलिस बल के थाना रंगनाथनगर प्रभारी अरुण पाल, खिरहनी फाटक चौकी प्रभारी महेन्द्र जायसवाल और अन्य जवानों की अहम भूमिका रही।

पुलिस का कहना है कि घटना में कुल छह आरोपी शामिल हैं, जिनमें से तीन गिरफ्तार, तीन अभी भी फरार और शेष गोलियों की बरामदगी बाकी है। पुलिस टीमें लगातार दबिश दे रही हैं और जल्द ही पूरे गिरोह के पकड़ में आने की संभावना व्यक्त की जा रही है।

## हर एंगल से हो रही जांच

शेष 5 गोलियों की बरामदगी,फरार आरोपियों की गिरफ्तारी, ट्रेन में सुरक्षा चूक की जांच, चोरी के पीछे मंशा की पड़ताल क्या गोलियां किसी बड़े अपराध की तैयारी के लिए थीं? इस एंगल से भी जांच की जा रही है। घटना की गंभीरता को देखते हुए बड़े अधिकारी लगातार निगरानी कर रहे हैं। आउटर इलाके में कॉम्बिंग ऑपरेशन, सीसीटीवी फुटेज, संदिग्धों की पहचान और तकनीकी जांच जारी है।

कटनी आउटर पर हुई यह घटना सिर्फ स्थानीय पुलिस ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसियों के लिए भी चिंता का विषय बनी रही। हालांकि बड़ी राहत यह है कि चोरी गई मैगज़ीन और अधिकांश कारतूस बरामद कर लिए गए हैं, लेकिन शेष गोलियों और फरार आरोपियों की गिरफ्तारी अभी भी पुलिस के लिए चुनौती है। पुलिस का यही प्रयास है कि कोई भी कारतूस गलत हाथों में न जाए और पूरा गिरोह कानून के शिकंजे में आ जाए।



# 72 हजार रूपए कीमती अवैध मदिरा एवं लाहन किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में अवैध मदिरा के निर्माण,संग्रहण ,विक्रय एवं परिवहन पर रोक लगाए जाने हेतु कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा दिए गए निर्देश पर आबकारी विभाग द्वारा कार्यवाही का सिलसिला सतत जारी है। जिला आबकारी अधिकारी विभा मरकाम ने बताया कि निर्देशों के अनुपालन में आबकारी वृत्त क्रमांक 1 के अंतर्गत झर्रा टिकुरिया, बसोर मोहल्ला एवं वृत्त कटनी क्रमांक 2 अंतर्गत गांधी गंज, खिरहनी फाटक, खिरहनी गांव एवं मछरियाडेरा में दबिश दी गई। दबिश की कार्यवाही में 104 पाव देशी मदिरा मसाला, 15 लीटर हाथ भट्टी मदिरा एवं प्लास्टिक के गुम्मों में लगभग 585 किलोग्राम महुआ लाहन बरामद कर जब्त किया गया। महुआ लाहन को मौके पर नष्ट कर दिया गया ।कार्यवाही में आबकारी अधिनियम के तहत 5 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए। जब्त सामग्री की अनुमानित कीमत 71 हज़ार 774 रुपए है ।

## आगे भी जारी रहेगी कार्रवाई

आबकारी की टीम द्वारा कंट्रोल रूम प्रभारी सहायक जिला आबकारी अधिकारी मंशा राम उइके के मार्गदर्शन में लगातार सभी वृत्त प्रभारियों के नेतृत्व में टीमों द्वारा सघन जांच की जा रही है और आगे भी ऐसी कार्यवाही जारी रहेंगी। इस कार्यवाही में सहायक जिला आबकारी अधिकारी मंशा राम उइके, आबकारी वृत कटनी क्रमांक 1 प्रभारी,आबकारी उप निरीक्षक केशव उइके , वृत्त क्रमांक 2 प्रभारी , आबकारी उपनिरीक्षक अतुल कुटार, आबकारी उपनिरीक्षक आंचल प्रजापति सहित अन्य आबकारी स्टाफ का योगदान रहा ।

**प्रतिबंधात्मक आदेश के उल्लंघन पर की गई सख्त कार्यवाही**

# नरवाई जलाने पर 13 भू-स्वामियों पर 25 हजार का लगा पर्यावरण क्षतिपूर्ति जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा फसल अवशेष (नरवाई) जलाने संबंधी जारी प्रतिबंधात्मक आदेश का उल्लंघन करने पर बहोरीबंद तहसील के 13 भू- स्वामियों पर सैटेलाइट मॉनिटरिंग से प्राप्त डेटा के आधार पर 25 हजार रुपये पर्यावरण क्षतिपूर्ति शुल्क (अर्थदंड) अधिरोपित किया गया है।

यह कार्रवाई तहसीलदार, बहोरीबंद के प्रतिवेदन के आधार पर की गई है।फसलों के अवशेष (डंठलों) को जलाने से धुआँ उत्पन्न होता है, जिससे गंभीर पर्यावरणीय प्रदूषण बढ़ता है। मध्य प्रदेश शासन के पर्यावरण विभाग द्वारा जारी नोटिफिकेशन के तहत



यह कृत्य पूरे प्रदेश में प्रतिबंधित है।

एसडीएम बहोरीबंद राकेश कुमार चौरसिया द्वारा जारी आदेश के अनुसार सैटेलाइट मैपिंग के जरिए प्राप्त विवरण की मौका जांच हल्का पटवारी और क्षेत्रीय कृषि विस्तार अधिकारी द्वारा कराई गई, जिसमें कई खेतों में फसल अवशेषों को जलाने की पुष्टि हुई। इसके बाद उनकी भूमि के आकार के आधार पर ढाई हजार से 5 हजार रुपए तक का जुर्माना लगाया गया है।

कोई किसान या व्यक्ति यदि नरवाई में आग लगाता है तो नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के निर्देशानुसार क्षतिपूर्ति स्वरूप 2 एकड़ से कम भूमि वाले कृषकों पर 2,500 रूपये प्रति घटना, 2 एकड़ से अधिक और 5 एकड़ से कम भूमि वाले कृषकों पर 5 हजार रूपये प्रति घटना और 5 एकड़ से अधिक भूमि वाले किसानों पर 15 हजार रूपये प्रति घटना अर्थदण्ड का प्रावधान है।

## इन किसानों पर जुर्माना

एसडीएम बहोरीबंद द्वारा जारी आदेश के अनुसार राजस्व निरीक्षक मंडल कुआँ के अंतर्गत ग्राम किरहाई पिपरिया निवासी रामसहाय, नारायण, छोटी बाई, प्रमोद, दिलीप और अमोघ पर संयुक्त रूप से 5 हजार रुपये का अर्थदंड अधिरोपित किया गया है। इसी प्रकार ग्राम कुंआ निवासी भंगा और सुरेश पर 2500-2500 रुपए, धर्मेंद्र पर 5000 रुपये का अर्थदंड अधिरोपित किया गया है। वहीं बहोरीबंद राजस्व निरीक्षक मंडल के अंतर्गत ग्राम महगवां निवासी मंगोबाई और रुक्को बाई पर सयुंक्त रूप से 2500 रुपए का अर्थ दंड, ग्राम कूड़न निवासी रामदास, तुलसीराम और मोहनिया ग्राम के अनंत सिंह पर 2500-2500 का अर्थ दंड अधिरोपित किया गया है। संबंधित तहसीलदार को निर्देशित किया गया है कि वे किसानों से अर्थदंड की राशि शासन के खाते में जमा कराकर चालान की प्रति न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करें।

**प्रतियोगिता में 53 विद्यालयों के 5253 विद्यार्थी हुए शामिल**



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कटनी द्वारा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर जिला व्यापी वृहद सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 53 विद्यालयों से कुल 5253 विद्यार्थियों ने सहभागिता दर्ज कराई। यह सहभागिता संख्या जिले में अब तक आयोजित छात्र गतिविधियों में एक नया कीर्तिमान है। कटनी नगर में आयोजित मुख्य केंद्र फॉरेस्टर प्ले ग्राउंड में 1522 विद्यार्थियों ने एक साथ बैठकर परीक्षा दी। विद्यार्थियों की इतनी बड़ी संख्या को सुचारू रूप से प्रबंधन करने हेतु परिषद के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों का योगदान रहा। केंद्र पर सुव्यवस्थित बैठने की व्यवस्था, प्रश्नपत्र वितरण, अनुशासन,प्रबंधन, समय पालन तथा सुरक्षा व्यवस्था में सभी कार्यकर्ताओं द्वारा उत्कृष्ट उदाहरण देखने को मिला। प्रतियोगिता के परिणामों की घोषणा दिसंबर माह में कि जाएगी। श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित करने हेतु विशेष समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसकी जानकारी शीघ्र ही सार्वजनिक की जाएगी।

# विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण की बताई महत्ता, प्रश्न मंच प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



विद्यार्थियों में पर्यावरण जागरूकता, संरक्षण और संवर्धन की भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय कटनी में राष्ट्रीय हरित कोर (एनजीसी) योजना समिति द्वारा प्रश्न मंच प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया।

प्रो. माधुरी गर्ग ने कहा कि "पर्यावरण संरक्षण केवल एक विषय नहीं बल्कि आने वाली पीढ़ियों के अस्तित्व का आधार है। छात्रों द्वारा ऐसे मंचों में भागीदारी समाज में जागरूकता की नई दिशा तय करती है।" वहीं छात्रों में उत्साह भरते हुए प्रो. जी. एम. मुस्तफा ने अपने उद्बोधन में कहा— "युवा पीढ़ी ही वह शक्ति है जो धरती को बेहतर बनाने के लिए वास्तविक परिवर्तन ला सकती है। ज्ञान, प्रश्न और समाधान—यही पर्यावरणीय विकास की सही दिशा है।"

इसी तरह कार्यक्रम की मुख्य अतिथि वनस्पति विभाग प्रमुख, श्रीमती ज्योत्सना आठ्या ने कहा— "पर्यावरण संरक्षण की शुरुआत जागरूकता से होती है और ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में प्रकृति के प्रति वैज्ञानिक दृष्टिकोण व संवेदनशीलता को बढ़ाते हैं।"

कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. ज्ञानेंद्र मोहन श्रीवास्तव ने किया। उन्होंने छात्रों को पर्यावरण के प्रति जागरूक और जिम्मेदार होना क्यों जरूरी है इसके बारे में जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

**उत्कृष्ट विद्यालय में विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित**

# 'जादू नहीं विज्ञान है' प्रतियोगिता में 27 विद्यालयों के विद्यार्थियों ने की सहभागिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा

बडवारा विकासखंड अंतर्गत आने वाले समस्त हाई /हायर सेकंडरी विद्यालय के छात्र-छात्राओं की विकासखंड स्तरीय जादू नहीं विज्ञान है प्रतियोगिताएं 22 नवंबर को उत्कृष्ट विद्यालय बड़वारा में संपन्न कराई गई। विद्यालय प्राचार्य चन्दन सिंह, निर्णायक श्रीमती रचना तिवारी प्राचार्य शास हाई स्कूल मझगवां, डा सुजीत सिंह सहा. प्राध्या. शास महाविद्यालय बड़वारा, वरिष्ट शिक्षक जुगल किशोर चौरसिया द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

विकासखंड के 27 विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया प्रतियोगिता के दौरान तीन विधाओं में जिन में प्रयोग



गतिविधि विद्या, विज्ञान गीत एवं विज्ञान नाटिका का प्रदर्शन किया गया। प्रतियोगिता गतिविधी विज्ञान गीत में प्रथम स्थान शास हाई स्कूल मझगवा की संजना , द्वितीय स्थान शास कन्या उच्च माध्य विद्यालय बरही की राशि पटेल एवं मुस्कान विश्वकर्मा, तृतीय स्थान सांदीपनी विधालय बड़वारा के अनुराग यादव ने जीता। प्रयोग गतिविधि में प्रथम स्थान उत्कृष्ट विद्यालय बड़वारा के कार्तिक पटेल एवं शिवा विश्वकर्मा, द्वितीय स्थान शास हाई स्कूल मझगवा की अभिलाषा एवं रजनी कुशवाहा, तृतीय स्थान शास हाई स्कूल पठरा की स्नेहलता विश्वकर्मा एवं सौरभ ने जीता।

विज्ञान नाटिका गतिविधि में प्रथम स्थान शास उच्च माध्यमिक विद्यालय खितौली की दृष्टि गुप्ता एवं दल ने, द्वितीय स्थान शास उच्च माध्यमिक विद्यालय भदौरा न 1की मधु पटेल एवं दल ने, तृतीय स्थान शास उत्कृष्ट विद्यालय बड़वारा की शीतला एवं दल ने जीता।कार्यक्रम में सभी स्टूडेंट्स एवं मार्गदर्शी शिक्षकों को लंच पैक प्रदान किया गया। मंच संचालन श्रीमती अनामिका सोनी एवं जुगल किशोर चौरसिया द्वारा किया गया। पंजीयन श्रीमती शीला त्रिपाठी, शिवानी यादव, सीता लोहार द्वारा एवं प्रमाण पत्र लेखन महेन्द्र गौतम एवं ज्ञानेन्द्र हल्दकार द्वारा किया गया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में लाल बहादुर सोनी, मोहन निगम,निखिलेश यादव, विभा द्विवेदी, आरती तिवारी,सरिता शर्मा, महेन्द्र नारायण मिश्रा, संजय कोल, धनंजय यादव, ओंकार दुबे, अशिका महोबिया,सुभाषिनी सिंह, विनोद क्षत्रि का सहयोग रहा।

**मृदा उपचार से लेकर बोवनी एवं उर्वरक की मात्रा की दी जानकारी**

# मसूर की उन्नत खेती के लिए कृषि विभाग ने दी किसानों को सलाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग ने मसूर की उन्नत खेती के लिये किसान भाइयों को समसामयिक सलाह प्रदान की है। इसमें बीजोपचार, मृदा उपचार एवं कीट व रोग नियंत्रण के संबंध में सुझाव दिये गये हैं।

बोनी के 1 घंटे पूर्व बीज का बीजोंपचार करें। सबसे पहले फफूदीनाशक दवा कार्बेन्डाजिम 50% WP से 2.5 से 3 ग्राम प्रति किलो बीज से बीजोपचार करें। इसके लिए 1 हेक्टेयर हेतु आवश्यक बीज 40 किलोग्राम बीज में 120 ग्राम कार्बन्डाजिम फफूदीनाशक दवा डालें, बीज में दवा डालने से पूर्व बीज में कुछ पानी छिड़क ले फिर दवा डालकर हाथ से मिलाये ताकि बीज में फफूदीनाशक दवा की एक परत चढ़ जावे। 5 से 10 मिनट बाद बीज को कीटनाशक दवा थायोमेथॉक्साम 30% FS से 3-5 ml प्रति किलो बीज की दर से 40 किलो बीज के उपचार हेतु 100 ml दवा एवं कुछ बूंद पानी मिलाकर बीज में मिलावे एवं अच्छी तरह से मिलाकर बीज को सुखा ले। इस प्रकार बीज में कीटनाशक दवा की दूसरी परत चढ़ जावेगी। बीजोंपचार करते समय हाथ में ग्लव्स या पन्नी पहन ले। इसके बाद बीज को 5-5 ग्राम प्रति किलोग्राम बीज की दर से बायोफर्टिलाइजर कल्चर (राईजोबियम एवं पीएसबी) से उपचारित करें। इस हेतु बीज को कीटनाशक दवा से उपचारित करने के 5 से 10 मिनट बाद 40 किलोग्राम बीज में 200 एम.एल/ग्राम राइजोबियम कल्चर, 200 ml/gm., PSB कल्चर आधा लीटर पानी में 100 ग्राम गुड घोलकर बीज में छिडकर हाथ से मिलावे, ताकि बीज में कल्चर की तीसरी पर चढ़ जावे। इसके 10 मिनट बाद 40 किलोग्राम बीज में 4-5 ml प्रति किलो बीज की दर से नैनो डीएपी से बीज को उपचारित करें इसके लिये 40 किलो मसूर बीज में 200 ml नैनो डीएपी थोडा-थोडा डालकर अच्छी तरह से मिलाये इस प्रकार नैनो डीएपी की परत चढ जायेगी। इस प्रकार बीज उपचार करने से अंकुरित पौधों की जड़े मजबूत होगी। किसी भी प्रकार के जड सड़न रोग एवं उकठा रोग एवं रस चूषक कीटों से 20 से 25 दिन तक पौधों की सुरक्षा हो जाएगी।

## मृदा उपचार

मसूर में उकठा रोग एवं अन्य जड़ सड़न रोगो से प्रारंभिक अवस्था में पौधों को बचाने के लिये एवं पौधो की जड़ों को अच्छे विकास के लिए 3-4 दिन पूर्व 50 से 100 किलोग्राम अच्छी सड़ी गोबर की खाद को छायादार स्थान में रखकर 1 किलोग्राम ट्राइकोडर्मा एवं 1 किलोग्राम माइकोराईजा तथा शेष बचे हुये राइजोबियम एवं पीएसबी कल्चर को मिलाकर एवं पानी सीचकर बोरे से ढक कर रखे। प्रतिदिन पानी सीचकर ढके दें। इस प्रकार 3 से 4 दिन बाद पूरे 50 से 100 किलो खाद में ट्राइकोडर्मा, माइकोराईजा कल्चर फैल जायेगे। इसे बोनी के तुंरत पहले बिखेर दें।

## बुवाई एवं उर्वरक की मात्रा

मसूर की बोनी सीडड्रिल से 30cm x 10cm लाइन से लाइन एवं पौधों से पौधों की दूरी रखते हुए करनी चाहिए। सिंचित मसूर प्रति हेक्टेयर 20 kg नाइट्रोजन + 60 kg फास्फोरस +20 kg पोटेशियम की आवश्यकता होती है। मसूर में सभी उर्वरकों की पूरी मात्रा बुवाई के समय सीडड्रिल से बोनी के समय साथ में उपयोग करें। इस अनुशंसित मात्रा की पूर्ति के लिए नैनो डीएपी से बीज उपचार के बाद प्रति एकड़ 25 किलो डीएपी एवं लगभग 15 किलोग्राम म्यूरेट आफ पोटाश उपयोग होगा या नैनो डीएपी बीज उपचार के बाद 2 बोरी सिंगल सुपर फॉस्फेट दानेदार, 20 किलोग्राम यूरिया एवं 15 किलोग्राम म्यूरेट ऑफ पोटाश प्रति एकड प्रयोग होगा या नैनो डीएपी से उपचार के बाद प्रति एकड 25 किलोग्राम 20:20:0:13 (NPKS), 1 बोरी सिंगल सुपर फॉस्फेट दानेदार एवं 15 किलोग्राम म्यूरेट ऑफ पोटाश का प्रयोग होगा।

# वीरांगना झलकारी बाई की मनाई जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान




वीरांगना झलकारी बाई की 196वीं जयंती शनिवार को ग्राम पिपरिया शुक्ल में मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह, जिला पंचायत सदस्य अजय गौंटिया, भाजपा जिला मंत्री विजय दुबे, उमरियापान मंडल अध्यक्ष आशीष चौरसिया, जनपद पंचायत अध्यक्ष सुनीता संतोष दुबे सहित अतिथियों द्वारा माता सरस्वती की पूजा-अर्चना और वीरांगना झलकारी बाई के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर की गई।

कार्यक्रम में स्थानीय छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति व सामाजिक संदेशों से ओत-प्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, जिन्हें उपस्थित जनों ने खूब सराहा। इसी दौरान अतिथियों ने शिक्षक सुनील तंतुवाय द्वारा लिखित पुस्तकों अंग्रेजी व्याकरण और ग्रामीण भारत का परिदृश्य का संयुक्त रूप से विमोचन किया। अपने संबोधन में विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि वीरांगना झलकारी बाई ने झांसी की रानी लक्ष्मीबाई के समानांतर युद्धभूमि में अदम्य साहस और पराक्रम का परिचय दिया। देश की स्वतंत्रता संग्राम की इस वीरांगना को भारत के इतिहास में विशेष स्थान प्राप्त है। उन्होंने कहा कि ऐसे वीरों की जयंती मनाने का उद्देश्य युवाओं को उनके त्याग, बलिदान और देशभक्ति की भावना से जोड़ना है।

ग्रामीणों की मांग पर विधायक ने पिपरिया शुक्ल गांव में वीरांगना झलकारी बाई के नाम पर सामुदायिक भवन निर्माण कराने का आश्वासन भी दिया।

कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि पद्मेश गौतम, पूर्व मंडल अध्यक्ष गोविंद सिंह, राजेश ब्यौहार, जनपद सदस्य अटल वाजपेयी, महेंद्र कोरी, सरपंच सुषमा उरमलिया, अनीता कोरी, मंडल महामंत्री अंकित झारिया, शुलभ त्रिपाठी, रमेश उरमलिया, सुशील कोरी, पारस पटेल, जयकुमार तिवारी, डीपी परौहा,गोली पटेल, भोलेराम कोरी, महाजन कोरी, अजय कोरी, लोचन पटेल, शिवदास कोरी, रामदास कोरी सहित ग्रामीणजन मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### आत्मनिर्भर पंचायत, समृद्ध मध्यप्रदेश

**पन्ना।** प्रदेश की पंचायतों को आत्मनिर्भर व समृद्ध बनाने के लिए पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा तीन दिन तक मंथन किया जाएगा। राज्य स्तरीय कार्यशाला होगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर, भोपाल में होने वाली राज्य स्तरीय कार्यशाला और वाटरशेड महोत्सव का शुभारंभ करेंगे। कार्यशाला में विषय-विशेषज्ञ व प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। भोपाल में 24, 25 एवं 26 नवम्बर को तीन दिवसीय आत्मनिर्भर पंचायत समृद्ध मध्यप्रदेश पर केन्द्रित कार्यशाला का उद्देश्य पंचायतों को आत्मनिर्भर के साथ समृद्ध बनाना है। कार्यशाला में त्रिस्तरीय पंचायत से जुड़े जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया जा रहा है। तीन दिनों तक चलने वाली कार्यशाला में पंचायतों के लिए स्वनिधि से समृद्धि अभियान की अवधारणा, शहरीकरण के साथ सामंजस्य, वाटरशेड परियोजना का क्रियान्वयन एवं शुद्ध पेयजल की उपलब्धता, स्वच्छ ग्राम, विभिन्न शासकीय योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री जनमन योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, पीएम पोषण की वर्तमान स्थिति एवं सफल क्रियान्वयन सहित प्रशासनिक रूप से सक्षम पंचायत, प्रश्न-उत्तर इत्यादि विषयों पर विस्तृत रूप से चर्चा की जाएगी। पन्ना जिले की भी ग्राम पंचायत शाहनगर का चयन सर्वाधिक स्वयं आय वाली ग्राम पंचायत की श्रेणी में किया गया है।

### गुप्ता बस संचालक कमलेश गुप्ता का दुखद निधन

**पन्ना।** शहर के कटरा मोहल्ला निवासी पूर्व गुप्ता बस संचालक कमलेश गुप्ता का दुखद निधन हो गया है। वह 55 वर्ष के थे और कटरा मोहल्ला, पन्ना के निवासी थे, हालांकि वर्तमान में इंदौर में रह रहे थे। उनका कल रात समय 2 बजे स्वास्थ्य खराब हुआ था। 23 नवंबर, 2025 की रात इंदौर में भर्ती होने के बाद आज सुबह 5 बजे दुःखद निधन हुआ है। श्री गुप्ता राजेश गुप्ता (माँ शारदा भोजनालय) के छोटे भाई थे, और अनिल कुमार गुप्ता, वीरेंद्र कुमार और सुरेंद्र कुमार के चचेरे भाई थे। उनके परिवार में उनकी दो बेटियां-साक्षी और शिक्षा, और एक बेटा - जय गुप्ता हैं। वह उनके पिता थे। उनका अंतिम संस्कार आज शाम 5 बजे पन्ना के धर्म सागर मुक्ति धाम में किया जाएगा। यह खबर पन्ना और इंदौर के व्यापारिक व सामाजिक हलकों में शोक की लहर फैला गई है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति और शोक संतप्त परिवार को यह दुख सहने की शक्ति प्रदान करे।

### नगर के प्रतिष्ठ किराना व्यापारी रक्कू छिरोलिया का दुखद निधन, क्षेत्र में शोक की लहर

**अमानगंज**-आज के समय में लगातार बिगड़ रही खान-पान के चलते अब लोगों की जिंदगी का कोई ठिकाना नहीं रहा और लोग असमय मौत के गाल में समा रहे हैं ऐसे ही एक दुखद खबर पन्ना जिले के अमानगंज नगर से सामने आई है, जिसने पूरे व्यापारी संघ एवं क्षेत्र को झकझोर दिया है, दरअसल रविवार की सुबह तड़के 6बजे नगर के जाने- माने प्रतिष्ठित व्यवसायी पवन पैलेस अमानगंज के संचालक रक्कू छिरोलिया की हृदय गति रुक जाने से दुखद निधन हो गया। इस दुखद घटना की जानकारी जैसे ही क्षेत्र के लोगों को लगी तो पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल व्याप्त है वहीं व्यापारी संघ ने भी इसे व्यापारिक क्षेत्र में बड़ी छती बताया है।

सैलवाड़ा में भागवत कथाः भक्ति, ज्ञान और वैराग्य का महत्व बताया, दिव्य दरबार लगाया

# कथा जीवन का अज्ञान मिटाकर ज्ञान का दीप जलाती है - बृज बिहारी सरकार





हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

ग्राम पंचायत सैलवाड़ा में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन कथावाचक पूज्य श्री बृज बिहारी सरकार अनिकेत कृष्ण शास्त्री महाराज ने भागवत महापुराण की महिमा एवं जीवनोपयोगिता पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भागवत कथा एक महान यज्ञ है, जो केवल आहुति देने तक सीमित नहीं बल्कि मनुष्य के भीतर जल रहे अज्ञान रूपी अंधकार को ज्ञान के प्रकाश में बदलने का माध्यम है। नियमित सात दिन तक भागवत कथा श्रवण करने से मनुष्य के भीतर ज्ञान रूपी दीपक प्रज्वलित होता है। महाराजश्री ने राजा परीक्षित एवं महर्षि नारद द्वारा भक्ति, ज्ञान और वैराग्य को पुनर्जीवन देने की कथा का उल्लेख करते हुए कहा कि गीता पाठ से जहां कुछ देर के लिए चेतना लौटती है, वहीं भागवत कथा स्थायी ज्ञान और वैराग्य का संचार करती है। उन्होंने कहा कि आज मनुष्य मनोरंजन के अनेक साधनों में उलझ गया है, जबकि कथा आत्मरंजन एवं मन को निर्मल बनाने का श्रेष्ठ मार्ग है। उन्होंने श्रीमद् भागवत में वर्णित आत्मदेव, धुन्धुली, धुंधकारी और गोकर्ण की कथा का उल्लेख करते हुए बताया कि कैसे दुष्कर्म मनुष्य को विनाश की ओर ले जाते हैं, वहीं सत्कर्म और ज्ञान जीवन को सार्थक बनाते हैं। महाराजश्री ने कहा कि चिंता ही चिता है, और कथा ही वह साधन है जो जीवन की व्यथा को मिटाकर मनुष्य को चिंता-मुक्त जीवन प्रदान करती है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि भागवत कथा का श्रवण और आयोजन पूर्ण नियम, श्रद्धा और पवित्रता के साथ होना चाहिए। भगवान के 24 अवतारों का वर्णन करते हुए महाराजश्री ने बताया भगवान के अभी 23 अवतार हुए हैं 24 वाँ अवतार कलयुग के अंत में कलकी अवतार होगा जब अधर्म बढ़ जाएगा गौ-माता की स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि सबसे बड़ा दोषी वही है जो गाय का दूध लेकर उसे घर से बाहर कर देता है। गौ सेवा को उन्होंने संसार की सबसे महान सेवा बताया। कार्यक्रम में भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और कथा का भावपूर्वक श्रवण किया। दूसरे दिन की भागवत कथा के बाद दिव्य दरबार लगाया दरबार की बात सिद्ध भभूति का वितरण किया गया और इसके बाद आरती की गई।

## विशेष गहन निरीक्षण अभियान का लिया जायजा



**दमोह।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशों के तहत जिले में मतदात सूची के विशेष गहन निरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर ने ग्राम पठारी एवं दमोह नगर के सुभाष कॉलोनी एलआईसी के पास सामुदायिक भवन में चल रहे गणना प्रपत्र कार्य का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने सबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। ग्राम पठारी के बीएलओ से चर्चा के दौरान बताया गया 59 प्रतिशत कार्य कर लिया गया है। उन्होंने बताया हम कार्य कर रहे हमें सहायक भी मिले हैं, कोई विशेष समस्या नहीं है। इसी प्रकार दमोह नगरीय क्षेत्र के सुभाष कालोनी सामुदायिक भवन में चल रहे विशेष पुनरीक्षण अभियान शिविर का जायजा लिया। उन्होंने मौजूद बीएलओ साहिबान से चर्चा की उनकी बाते व समस्याएं सुनी तथा मौके पर मौजूद एसडीएम आर.एल बागरी को निर्देशानुसार सहायक कल से ड्यूटी लगाने व उपलब्ध सुनिश्चित करने दिए निर्देश।

### पंचायतों को आत्मनिर्भर व समृद्ध बनाने तीन दिन होगा मंथन

**दमोह।** प्रदेश की पंचायतों को आत्मनिर्भर व समृद्ध बनाने के लिए पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा तीन दिन तक मंथन किया जाएगा, यह राज्य स्तरीय कार्यशाला होगी। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव द्वारा कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कंन्वेंशन सेंटर, भोपाल में होने वाली कार्यशाला के साथ ही वाटरशेड महोत्सव का शुभारंभ किया जाएगा। कार्यशाला में उपमुख्यमंत्री श्री राजेद्र शुक्ल एवं उपमुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री प्रहलाद पटेल, नगरीय प्रशासन मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग मंत्री श्रीमती संपतिया उइके, जनजाति कार्य विभाग एवं लोक परिसंपत्ति प्रबंधन विभाग मंत्री श्री कुंवर विजय शाह, पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री श्रीमती राधा सिंह सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, विषय विशेषज्ञ व प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहेंगे। संचालक सह आयुक्त पंचायत राज संचालनालय श्री छोटे सिंह ने बताया कि भोपाल में 24, 25 एवं 26 नवंबर को तीन दिवसीय "आत्मिनिर्भर पंचायत समृद्ध मध्य प्रदेश" पर आधारित कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है, जिसका उद्देश्यग है पंचायतों को आत्म6निर्भर के साथ समृद्ध बनाना। कार्यशाला में त्रि-स्तरीय पंचायत से जुड़े जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया जा रहा है। तीन दिनों तक चलने वाली कार्यशाला में पंचायतों के लिए "स्वचनिधि से समृद्धि" अभियान की अवधारणा, शहरीकरण

बीएलओ से कराई जा रही डेटा फीडिंग

# शिविर लगाकर भरवाये जा रहे मतदाताओं के फॉर्म



**दमोह।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशों के तहत जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान को एसडीएम निकेत चौरसिया के मार्गदर्शन में लगातार गति दी जा रही है। इसी के तहत जिले के पथरिया में तहसीलदार भू-प्रबंधन वर्षा दुबे द्वारा चौपाल एवं शिविर लगाकर मतदाताओं के फॉर्म का बीएलओ द्वारा डेटा फीडिंग कार्य बीएलओ, सुपरवाइजर के माध्यम से कराया जा रहा है। पथरिया नगरीय क्षेत्र के 17 मतदान केन्द्रों के अंतर्गत आने वाले सभी मतदाताओं को के लिये यह शिविर आयोजित किया गया। उन्होंने मतदाताओं को एसआईआर के तहत ऑनलाइन फॉर्म भरने की प्रक्रिया विस्तार से समझाई साथ ही फार्म भी भरवाये। श्रीमती दुबे ने कहा फॉर्म भरने में किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर मतदाता अपने क्षेत्र के बीएलओ या चौपाल में मौजूद कर्मचारियों की मदद ले सकते हैं। दूसरी ओर एसआईआर प्रक्रिया को गति मिल सके इसके लिये नगरीय निकाय के समस्त बीएलओ को भी शिविर में बिठाकर डेटा फीडिंग का कार्य भी कराया गया। चौपाल में एसडीएम निकेत चौरसिया और तहसीलदार भू प्रबंधन श्रीमती दुबे ने सभी बीएलओ एवं सुपरवाइजर को बताया कि 2003 की मतदाता सूची का विवरण भरने को लेकर लोग काफी उलझन में है। लोग कह रहे हैं कि उनका नाम उस सूची में है ही नहीं। लेकिन यह कोई बड़ी समस्या नही है। 2003 की सूची अनिवार्य दस्तावेज नहीं है। अगर किसी मतदाता को उस सूची में अपना नाम नहीं मिलता, तो वे फार्म में साफ लिख दें, 2003 की सूची में नाम नहीं है। यह टिप्पणी स्वीकार्य है और इससे किसी का आवेदन रिजेक्ट नहीं होगा। इसके बाद भी लोगों को डर है कि कहीं उनका मौजूदा नाम न कट जाए, तो मतदाताओं को आश्वस्त करना है कि 2003 की सूची में नाम न मिलना या पुराना रिकार्ड न मिलना, वर्तमान मतदाता सूची पर किसी भी तरह का नकारात्मक प्रभाव नहीं डालता। बीएलओ केवल समग्र जानकारी एकत्र कर रहे हैं। यह पहचान सत्यापन की प्रक्रिया है, नाम कटने का आधार नहीं।

उन्होंने कहा कि यदि किसी भी प्रकार की कोई समस्या या शंका है तो वरिष्ठ अधिकारियों से तत्काल संपर्क कर उसका निदान किया जा सकता है।

# जल संचय अभियान के तहत किया बोरी बंधान कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा



आराधना सोशल वेलफेयर फाउंडेशन जबेरा द्वारा जल संचय अभियान के तहत बोरी बंधान कार्य का आयोजन रविवार को जबेरा जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत करनपुरा में किया गया। जिसमें आराधना सोशल वेलफेयर फाउंडेशन जबेरा के द्वारा ग्राम करनपुरा के जोगनकुंड से निकलने वाले नाले पर जल संचय अभियान अंतर्गत बोरी बंधान कार्य किया गया। यह गतिविधि ग्राम पंचायत करनपुरा एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति करनपुरा के सहयोग से सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के निर्देशानुसार संपूर्ण मध्य प्रदेश में जल संचय अभियान प्रारंभ किया गया है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य नदी-नालों में व्यर्थ बह रहे पानी को रोककर उसे कृषि सिंचाई में उपयोग करना है जिससे जल संरक्षण को बढ़ावा दिया जा सके और किसानों को लाभ मिल सके। इस महत्वपूर्ण जल संरक्षण गतिविधि में ग्राम के सरपंच,जनअभियान परिषद के जिला समन्वयक सुशील नामदेव,विकासखंड समन्वयक वंदना जैन, नवांकुर संस्था आराधना सोशल वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष दिनेश कुमार साहू, ग्राम विकास एवं प्रसफुटन समिति के सदस्य चरन सिंह मरावी, रंजीत सिंह हरचट धनगर, बृजलाल मरावी, पप्पू झारिया, अक्कू बर्मन, कल्याण सिंह सरपंच करनपुरा, अमर सिंह, भान सिंह, प्रकाश सिंह, डोमन सिंह, अनिल सिंह,देवीदीन पटेल, निलेश धुर्वे, बवेंद्र सिंह, बाली सिंह, जितेन्द्र, प्रताप, भान सिंह, गोवर्धन सिंह, बीरेंद्र सिंह, छोटू पटेल, बेड़ी यादव, जितेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। इस दौरान सदस्यों ने बताया कि यह सामूहिक प्रयास ग्रामीण क्षेत्र में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता की एक सार्थक पहल सिद्ध होगी।

### शाहनगर के खमतरा गाँव मे नाले में डूबा युवक पुलिस जांच में जुटी

**शाहनगर।** थाना क्षेत्र के खमतरा गांव में शनिवार शाम करीब 6:30 बजे, 22 वर्षीय रविन्द्र सिंह, पिता शंकर सिंह देर शाम तक वापस नहीं लौटे। जब वह नहीं आए, तो परिजनों और ग्रामीणों ने उनकी तलाश शुरू की। तलाश के दौरान चितावर नाले के पास जब ग्रामीण पहुँचे, तो नाले के अंदर रविन्द्र सिंह का शव मिला। शव मिलते ही इलाके में हड़कंप मच गया और गांव में मातम छा गया। परिजनों का रोकूरोकर बुरा हाल है। घटना की सूचना रात 8रू30 बजे थाने में दी गई। पुलिस तुरंत मौके पर पहुँची, पंचनामा कार्रवाई की और शव को पोस्टमार्टम के लिए रवाना किया। आज सुबह पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस इस पूरे मामले की जांच में जुट गई है।

# एनसीसी दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित



**दमोह।** 11 म. प्र. एनसीसी बटालियन सागर के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल प्रताप मोहंती के निर्देशन एवं प्राचार्य महोदय डॉ. आलोक कुमार जैन के मार्गदर्शन में एनसीसी कैडैटों के द्वारा स्वच्छता रैली, महाविद्यालय परिसर में सफाई एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कर्नल प्रताप मोहंती ने केन्द्रीय विद्यालय ढाना में वृक्षारोपण कर सभी स्कूल-कॉलेज को एनसीसी दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। एनसीसी अधिकारी डॉ. के. एस. बामनिया ने कहा कि पं.एच.एन. कुंजरू समिति की सिफारिशों के बाद 1948 में एनसीसी अधिनियम पारित हुआ और 25 नवंबर, 1948 को दिल्ली में पहली एनसीसी इकाई की स्थापना की गई थी, इसलिए नवम्बर के अंतिम रविवार को एनसीसी दिवस मनाया जाता है। एनसीसी दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य देश के युवाओं में एकता, अनुशासन और देशभक्ति की भावना को बढ़ावा देना तथा उन्हें एक जिम्मेदार और अनुशासित नागरिक के रूप में तैयार करना है। कैडेट्स ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए स्वच्छता अभियान चलाया। प्राचार्य महोदय ने सभी विद्यार्थियों से प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करने का आह्वान किया। इस अवसर पर सीनियर कैडेट अनुराग, श्रेय सोनी, नीरज विश्वकर्मा, हरिदास सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

# रामायण गुरु भगवानदास शुक्ला का निधन



**बनवार।** गांव से अत्यंत दुखद समाचार प्राप्त हुआ है रामायण के दुर्लभ मौखिक ज्ञान के धनी सरल स्वभाव से सभी का मन जीतने वाले और समाज में अत्यंत सम्मानित व्यक्तित्व श्री भगवानदास शुक्ला जी 95 वर्ष ने रविवार सुबह लगभग छह बजे अंतिम सांस ली और पंचतत्व में विलीन हो गए। उनके निधन से पूरे गांव सहित आसपास के क्षेत्रों में गहरा शोक फैल गया है। शुक्ला जी रामायण के विविध प्रसंगों नीति धर्म और जीवन मूल्यों की सरल और प्रभावी व्याख्या के लिए जाने जाते थे उनकी अद्भुत स्मरण शक्ति आध्यात्मिक दृष्टि और प्रेरणादायी विचारों ने अनेक पीढ़ियों को जीवन का सही मार्ग दिखाया। ग्रामीण उन्हें एक चलता फिरता ज्ञानकोष मानते थे जिनका जाना पूरे क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति है। परिवारजन और ग्रामीणों ने भावुक स्वर में कहा कि शुक्ला जी के जाने से गांव ने एक पुरुषार्थी ज्ञानवान और संस्कारों से परिपूर्ण सम्मानित मार्गदर्शक खो दिया है जिसकी भरपाई संभव नहीं है। ग्रामीणों ने कहा कि उनके निधन से ज्ञान संस्कार और आध्यात्मिकता का एक पूरा युग समाप्त हो गया है।बनवार मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार वैदिक मंत्रोच्चारण और पूर्ण श्रद्धा के साथ किया गया जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामवासी क्षेत्रवासी और समाजजन शामिल हुए। अंत में आयोजित प्रार्थना सभा में ईश्वर से यह कामना की गई कि स्वर्गीय भगवानदास शुक्ला जी की आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान मिले और परिवार को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान हो।

# स्वच्छता अभियान चलाया



**दमोह।** टीम उम्मीद एक पहल दमोह के लिए के सदस्यों द्वारा रविवार सुबह जटाशंकर धाम स्थित सर्किट हाउस की पहाड़ी पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। सुबह 08 बजे से 10 बजे तक चले इस दो घंटे के विशेष अभियान में बड़ी मात्रा में जमा कचरे को इकट्ठा किया गया। पहाड़ी क्षेत्र और सड़क किनारे लंबे समय से जमा हो रहे प्लास्टिक व अन्य कचरे को साफ करते हुए लगभग 15 बड़ी थैलियां प्लास्टिक से पूरी तरह भर गईं। टीम का कहना है पहाड़ी तथा सड़क के दोनों किनारों पर अभी भी काफी कचरा जमा है, जिसे हटाने के लिए निरंतर स्वच्छता अभियान चलाना आवश्यक है। टीम ने आम नागरिकों से अपील की स्वच्छता बनाए रखें, कचरा फैलाने वालों को रोकें-टोकें और पर्यावरण संरक्षण में अपनी जिम्मेदारी निभाएं। अभियान में उम्मीद टीम के राकेश राठौर, महेंद्र सिंह लोधी, दीपक राजपूत, जितेंद्र अहिरवाल, धर्मेंद्र सोनी, पुनीत मिश्रा, तहसीलदार श्री गुर्जर, शिरीश खरे, अफसर खान, अभियान वर्मा, अर्जुन प्रताप सिंह सहित नगर पालिका के कर्मचारी भी शामिल हुए।

## एसएनसीयू पन्ना की टीम सजगता से दोनों बच्चियों को मिला नया जीवन

# कम समय एवं कम वजन की जुड़वा बच्चियों को मिला जीवनदान

पन्ना।



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अजयगढ़ में दिनांक 19 अक्टूबर को जुड़वा बच्चियों का जन्म हुआ जो की अत्यधिक कम गर्भावस्था एवं कम वजन की थी बच्चों की स्थिति को देखते हुए अजयगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से बच्चियों को एसएनसीयू पन्ना लाया गया था भर्ती के समय पहली बच्ची का बजन 720 ग्राम एवं दूसरी बच्ची का बजन 930 ग्राम था एवं मां के पेट में उनकी उम्र 28 सप्ताह थी एस एन सीयू प्रभारी डॉक्टर योगेंद्र चतुर्वेदी ने बताया कि सामान्य शिशु का बजन 2500 ग्राम या उससे अधिक हो है और एवं वह मां के पेट में 37 सप्ताह तक रहता है तभी वह स्वस्थ रहता है। समयपूर्व एवं कम वजन के शिशुओं के अंगों का विकास ठीक से नहीं हो पाता है इसलिए उनमें कई तरह की बीमारियां होने का खतरा बना रहता है एवं इस वजह से उनमें मृत्यु दर भी बहुत अधिक होती है जितना गर्भावस्था के समय एवं बजन कम होगा उतनी ही शिशु के बचने की उम्मीद कम रहती है। चूंकि जुड़वा शिशु थे इसलिए चुनौती और अधिक हो गई थी फिर भी एस एन सी यू प्रभारी एवं शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ योगेन्द्र चतुर्वेदी, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ जितेद्र खरे, डॉ रमेश चंद्र केसरी, स्टाफ नर्स इंचार्ज नीता पटेल सहित समस्त स्टाफ द्वारा प्रोटोकॉल के अनुसार पूरी तन्मयता के साथ शिशुओं का उपचार किया गया कि पूरी टीम ने तन्मयता के साथ इस बात का विशेष ध्यान रखा की बच्चियों के स्वास्थ्य के प्रति किसी भी प्रकार की कोई कमी ना रह जाए जिसके परिणाम स्वरुप दोनों बच्चियों को नया जीवनदान मिल गया वही चित्रकूट की टीम द्वारा भी शिशुओं का नेत्र परीक्षण होता रहा बाद में प्रथम शिशु की आंखों में मामूली दिक्कत आई इसका बेहतर उपचार प्रदान किया गया दूसरे शिशु की आंखों में किसी भी तरह की कोई खराबी नहीं पाई गई शिशुओं की स्थिति में लगातार सुधार होता रहा पहले उन्हें नली के द्वारा मां का दूध दिया गया उसकी मात्रा बड़ाते गए एवं और सुधार होने पर कटोरी चम्मच से दूध देना प्रारम्भ कर दिया गया शिशु के परिजनों को बच्चों की उचित देखभाल एवं शिशुओं को दूध पिलाने के बारे में आवश्यक प्रशिक्षण दिया गया एवं स्टाफ की निगरानी में बच्चों की देखभाल करवाई गई संतुष्ट होने पर शिशुओं के परिजनों की इच्छा अनुसार एक माह बाद शिशुओं की छुट्टी कर दी गई डिस्चार्ज के समय प्रथम शिशु का बजन 913 ग्राम एवं दूसरे शिशु का बजन 1200 ग्राम हो गया था एस एन सी यू प्रभारी डॉ योगेन्द्र चतुर्वेदी द्वारा बताया गया कि सामाजिक आर्थिक राजनैतिक कारणों की वजह से संपूर्ण भारतवर्ष में पन्ना जिले की शिशु एवं मातृ मृत्यु दर बहुत अधिक है एवं यहां पर लिंग भेदभाव की भी समस्या है इसके अलावा कई बार संपूर्ण मध्य प्रदेश के एस एन सी यू के डेटा का विश्लेषण करने पर पाया गया है कि मध्य प्रदेश के अन्य जिलों की तुलना में पन्ना जिले में कम वजन एवं कम गर्भावस्था विशेष कर 1000 ग्राम से कम वजन के शिशुओं की संख्या लगभग दुगनी रहती है जैसा कि पूर्व में उल्लेख किया गया है कि कम गर्भावस्था एवं कम वजन के शिशुओं की मृत्यु दर बहुत अधिक होती है शिशुओं के इलाज की कार्य पद्धति का विश्लेषण करने पर कुछ बिंदु बहुत महत्वपूर्ण थे - लिंग भेद की पुरानी मानसिकता को दरकिनार करते हुए शिशु के परिजनों द्वारा पूर्ण सहयोग प्रदान किया गया शिशुओं की मां को तनाव रहित पर्याप्त नींद और पौष्टिक भोजन उपलब्ध हुआ, शिशुओं की मां एवं उसके परिजनों द्वारा निर्धारित कंगारू मदर केयर (ज्ञडब)प्रदान की गई उसके फल स्वरुप पर्याप्त मां का दूध उपलब्ध हो सका एवं पाउडर के दूध की जरूरत नहीं पड़ी ये सत्य है है कि मां का दूध सर्वोत्तम होता है एवं पोषण के अलावा शिशु को बीमारियों से भी बचाता है प्रसव पूर्व शिशुओं की मां को डेक्सामेथासोन इंजेक्शन दिया गया था जिसकी वजह से शिशुओं में होने वाली अति गंभीर बीमारी रेस्पिरेट्री डिस्ट्रेस सिंड्रोम (त्कै)से बचाव हो सका, एस एन सी यू के स्टाफ एवं शिशु के परिजनों द्वारा प्रोटोकॉल के अनुसार संक्रमण रोधी गाइडलाइन का पूर्णतः पालन किया गया। जिसकी वजह से शिशुओं को इतनी लंबी समयावधि में भी संक्रमण नहीं हुआ एवं उन्हें एंटीबायोटिक देने की आवश्यकता नहीं पड़ी,इंजेक्शन कैफीन का प्रोटोकॉल के अनुसार उपयोग किया गया जिसकी वजह से शिशुओं को एपनिया (चदपं)से बचाया जा सका।

**खबर संक्षेप**

### आनंद धाम में होगा विराट शतचंडी यज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन

**जबेरा।** नगर में स्थित पुरनयाऊ आनंद धाम में मां भगवती सिद्धेश्वरी काली मैया की 11वीं वर्षगांठ के अवसर पर विराट शतचंडी महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा व संत समागम का आयोजन 25 नवंबर से 3 दिसंबर तक किया जाना है। इस यज्ञ की तैयारी को अंतिम रूप दिया जा चुका है। कार्यक्रम के संबंध में आनंद धाम पीठाधीश्वर दंडी स्वामी नर्मदानंद सरस्वती जी महाराज ने जानकारी देते हुए बताया कि 25 नवंबर से 3 दिसंबर तक आयोजन किया जाना है जिसमें 25 नवंबर को नरसिंह देववालय जबेरा से भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी।

### आरोपी पर किया ईनाम घोषित

**दमोह।** पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी ने दमोह जिले के देहात थाना अंतर्गत एक प्रकरण में दो हजार रूपये का इनाम घोषित किया है । पुलिस अधीक्षक श्री सोमवंशी ने प्रकरणों की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुये जिले के थाना मड़ियादो के अपराध क्रमांक 145/24 धारा 118(1), 118 (2) 351(2) बीएनएस एक्ट के तहत आरोपी सुरेश पिता गिल्ले छिरोलिया निवासी मड़ियादो जिला दमोह पर 02 हजार रूपये का इनाम घोषित किया है। पुलिस अधीक्षक श्री सोमवंशी ने जानकारी दी है कि उक्त प्रकरणों में जो कोई व्यक्ति/कर्मचारी/अधिकारी आरोपियों को गिरफ्तार करेगा या करायेगा या ऐसी उपयुक्त सूचना देगा जिससे फरार आरोपियों, की गिरफ्तारी संभव हो सके ऐसे व्यक्ति को नकद पुरूस्कार से पुरूस्कृत किया जायेगा।

## मजबूरन कचरे को जलाकर मिटा रहे ठंड

# कड़ाके की ठंड शुरू लेकिन नहीं किया अलाव का प्रबंध

### हर साल नगर परिषद के अधिकारियों द्वारा की जाती है लेट लतीफी, लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा



नवंबर की शुरुआत से ही ठंड अपने शबाब पर है लेकिन अभी तक नगर परिषद द्वारा लोगों को राहत देने वाले अलाव नजर नहीं आ रहे है ठंड ने अपनी रफ्तार पकड़ ली है और अब लोगों को ठंड से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जहां एक और पारा गिरने के साथ ही मौसम ने अपनी करवट बदल ली है और दिनों दिन बढ़ती हुई ठंड से लोगों का जीना मुश्किल होने लगा है लेकिन इसके बाद भी नगर परिषद तेंदूखेड़ा द्वारा अभी तक कहीं पर भी अलाव जलाने की व्यवस्था नहीं की है जिससे सुबह शाम लोगों को कड़ाके की ठंड में ठिठुरते हुए देखा जा रहा है। साथ ही मजबूर हैं वहीं कुछ लोगों द्वारा आसपास का कचरा और टायर पन्नी बीनकर आदि जलाकर आग की गर्माहट का सहारा ले रहे हैं नगर में बीते दो तीन दिन से कड़ाके की सर्दी हो रही है और ठंड दिन प्रतिदिन बढ़ती हुई जा रही है लेकिन इसके बावजूद भी जिम्मेदारों ने स्वास्थ्य केंद्र बस स्टैंड तारादेही चौराहा थाने के सामने और कृषि मंडी के पास एवं नगर के विभिन्न स्थानों पर ठंड से ठिठुर रहे लोगों के लिए अलाव की व्यवस्था नहीं की गई है। जिससे कि लोगों को शाम होते ही परेशान होते देखा जा रहा है तो वहीं कुछ लोगों द्वारा अपने निजी खर्च से अलाव की व्यवस्था की और कुछ लोगों द्वारा कचरा व टायरों में आग लगाकर आग की गर्माहट ले रहे हैं नगर में रहने वाले सुशील सोनी, नरेन्द्र साहू विनोद अहिरवार सोमनाथ चक्रवर्ती अभिषेक ठाकुर मोनू नामदेव भरत रजक रज्जू खटीक ने बताया कि नगर में यात्रियों के लिए बस स्टैंड व सार्वजनिक जगह पर हर साल अलाव की व्यवस्था की जाती है लेकिन इस वर्ष नहीं की गई है जिससे कि रात्रि के समय बस स्टैंड पर बस का इंतजार में बैठने वाले यात्रियों व राहगीरों को ठंड में ठिठुरते हुई देखा गया है जिस तरह तेजी से तापमान गिर रहा है इससे विशेष रूप से उन गरीबों असहायों के सामने समस्या खड़ी हो गई है जिनकी रात सड़क में या फिर किसी बंद दुकान के बाहर नाम मात्र के कपड़ों के बीच गुजरती है। मूक जानवर भी अलावा के पास खड़े होकर अपनी ठंड को कम करते हैं लेकिन नगर परिषद द्वारा अलाव के लिए कोई प्रबंध नहीं किए जा रहे हैं। अलाव की व्यवस्था न होने से कचरा जलाकर लोग ठंड से राहत पाने का प्रयास करते देखे जा रहे है सबसे ज्यादा लोगों को मुना चाय दुकान पर परेशान होते हुए देखा जाता है। जहां पर रात्रि में आने वाली यात्री बस का इंतजार करते राहगीर और इनके लिए आने वाले परिजनों के साथ ही नगर के लोग भी सुबह 4 बजे से यहां पर चाय पीने के लिए पहुंचे है लेकिन कोई अलाव नहीं देखने के कारण पहले वह आसपास का कचरा एकत्रित करते हैं फिर आग लगाकर गर्माहट लेते हैं लेकिन इस और नगर परिषद के अधिकारियों व कर्मचारियों की नजर नहीं पहुंच रही है वहीं लोगों का आरोप है कि तेन्दूखेड़ा नगर परिषद के अधिकारियो कर्मचारियों द्वारा हर साल लेट ही अलाव जलवाए जाते हैं जिससे लोगों को परेशान होना पड़ता है अब ठंड तेजी से बढ़ने लगी है ओर लोग आग नहीं मिलने से परेशान होते हुए देखते है नगर परिषद द्वारा जल्द ही नगर के विभिन्न स्थानों पर अलाव जलवाए जाए जिससे लोगों को परेशान ना होना पड़े।

### कूड़ा करकट जला रहे पर्यावरण पर पड़ रहा असर

नगर परिषद द्वारा अलाव की व्यवस्था न किए जाने से लोग अपने स्तर पर कूड़ा करकट एकत्र कर उसे जलाकर सर्दी से बचने के जतन कर रहे हैं इसमें लोग प्लास्टिक तक जला रहे हैं जो पर्यावरण में जहरीला धुआं छोड़ रही है कुछ स्थानों पर बेकार पड़े टायरों को भी जलाकर ठंड भगाई जा रही है जो बदबू के साथ पर्यावरण पर विपरीत असर डाल रहे हैं।

### इनका कहना है

इस संबंध में नगर परिषद सीएमओ पीयूष अग्रवाल से बात की गई तो उन्होंने कहा मैंने रेंजर और डीएफओ को जलाऊ लकड़ी के लिए पत्र लिखा है लेकिन अभी डिपो में लड़की उपलब्ध नहीं है जिसके कारण अलाव जलाने में दिक्कत आ रही है जैसे ही डिपो में लड़की उपलब्ध होती है सभी स्थानों पर अलाव लगवा दिए जाएंगे अगर डिपो में लकड़ी आने में समय लगता है तो निजी डिपो से खरीदकर व्यवस्था कराई जाएगी मैं एक बार फिर से रेंजर साहब से बात करता हूं वही नगर के लोगों से आग्रह है कि कचरा प्लास्टिक एवं टायरों को ना जलाए इससे जहरीला धुआं उत्पन्न होने से पर्यावरण को नुकसान होता है साथ ही इसकी बदबू से लोगों के शरीर पर विपरीत असर पड़ता है जल्द ही अलाव जलाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

**पीयूष अग्रवाल,**
**सीएमओ नगर परिषद तेन्दूखेड़ा**

## 6 मैरिज गार्डन संचालकों पर मामला दर्ज

# मैरिज गार्डन के बाहर अव्यवस्थित वाहन लगाने से लगा लंबा जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



वैवाहिक सीजन में जहां एक ओर मैरिज गार्डन में धूमधाम से आयोजन होते है तो वहीं बिना पार्किंग के सड़को पर खड़े वाहन आम जनमानस के लिये परेशानी का सबब बन जाते है। भले अब अधिकांश मैरिज गार्डन शहर के बाहर सचांलित हो रहे है तो लेकिन इसके बाद भी मैरिज गार्डन में पार्किंग व्यवस्था को लेकर अनियमित्तायें है जिससे आये दिन परेशानी होती है। गत दिवस जबलपुर नाका पर बाईपास के पास जाम लगने से प्रशासन की नींद खुली व इस ओर ध्यान गया। आनन फानन में दमोह में 6 मेरिज गार्डन के संचालकों के विरूद्ध प्रकरण दर्ज किये गये है। दरअसल दमोह जबलपुर मुख्य सडक मार्ग पर स्थित मेरिज गार्डनों के सामने पार्किंग स्थल की जगह सडक पर अव्यवस्थित वाहनों की पार्किंग से यहां गत रात्रि 22 नबम्बर को घंटो लम्बा जाम लगा रहा। यहां जहां सडक मार्ग से होकर जबलपुर एवं जबलपुर से दमोह आने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पडा तो वहीं एक एम्बूलेंस भी फंसी रही। लगभग एक किलोमीटर के लम्बे जाम को खुलवाने में पुलिस को काफी मशक्कत करनी पडी। जाम की फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी हरकत में आये। पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी के निर्देश पर यहां संचालित होने वाले मेरिज गार्डन के संचालकों के विरूद्ध प्रकरण दर्ज किया गया है। नगर पुलिस अधीक्षक एच.आर.पांडे ने बताया कि मैरिज गार्डनों में पार्किंग व्यवस्था ठीक ढंग से नहीं होने पर मेहमानों के द्वारा अपने वाहनों को सडकों पर उल्टे सीधे खडे कर दिये गये थे। जिसके कारण यहां यातायात बाधित हुआ पुलिस को यातायात चालु करने के लिये काफी मेहनत करनी पडी। उन्होने बताया कि सभी के विरूद्ध बीएनएस की धारा 270 एवं 285 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है,सभी को नोटिस भी जारी किये जा रहे हैं।

**इन पर प्रकरण दर्ज-**

दमोह-जबलपुर मुख्य सडक मार्ग पर स्थित 6 मैरिज गार्डनों के संचालकों पर प्रकरण दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार राधिका पैलेस मैरिज गार्डन,दमयंती मैरिज गार्डन,विद्या वाटिका मैरिज गार्डन,महावीर पैलेस मैरिज गार्डन,कृष्णा पैलेस मैरिज गार्डन,पवित्र बंधन मैरिज गार्डन के नाम सम्मिलित हैं।

**मैरिज गार्डन और डीज संचालकों की बैठक**

उक्त मामले में पुलिस थाना दमोह देहात थाना प्रभारी रचना मिश्रा ने बताया कि गत रात्रि में दमोह जबलपुर मार्ग पर संचालित मैरिज गार्डनों के सामने सडक पर अव्यस्थित वाहनों के खडे करने काफी लम्बे समय तक मुख्य सडक का आवागमन बाधित रहा था। उन्होने बताया कि उक्त मैरिज गार्डन प्रत्येक संचालकों के विरूद्ध प्रकरण दर्ज किया गया है। क्योंकि घटना दिनांक और कर्ता अलग-अलग हैं आज सभी को समझाईस देने के लिये जबलपुर नाका पुलिस चैकी बुलाया गया था। जो आज यहां आये उनको आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये हैं। जो स्थिति कल रात्रि में निर्मित हुई थी वह आगे न हो अगर ऐसा होता है तो बडी कार्यवाई की जायेगी। उन्होने बताया कि सभी से कहा गया है कि आप पर्याप्त मात्रा में गार्ड लगायें वाहन पार्किंग की व्यवस्था का विशेष ध्यान रखें। हालांकि आज की इस बैठक में कुछ कम लोग आये फिर भी पुलिस ने अपना संदेश मैरिज गार्डन के संचालकों तक पहुंचा दिया है। बैठक में जबलपुर नाका पुलिस चैकी प्रभारी प्रसीता कुर्मी ने उपस्थितों को समझाईस दी।

# कदम संस्था ने किया 1026वां पौधारोपण

### जन्मदिन व वैवाहिक वर्षगांठ पर लोगों ने लगाया पौधा




पर्यावरण संरक्षण के लिए निरंतर कार्यरत कदम संस्था ने आज जिला आयुष कार्यालय परिसर में 1026वां पौधा रोपित किया। इस अवसर पर गुरप्रीत सिंह कालरा, आर्यवीर सेन, अर्जुन प्रताप सिंह राजपूत ने अपना जन्मदिन तथा नीलू–अतुल देव श्रीवास्तव, रत्ना–शीतेश जैन ने अपनी वैवाहिक वर्षगांठ पौधारोपण कर मनाई। कार्यक्रम में संस्था प्रमुख दीपक सेन ने उजमा नाज़, गुरनूर सिंह कालरा, दीपक अग्रवाल, पंडित अशोक भट्ट के जन्मदिन तथा स्वीटी–पंकज मांडवे, पूजा–सिद्धार्थ मलैया, सारिका–अखिल टंडन, शिवानी–सौरभ सेन की वैवाहिक वर्षगांठ पर पौधारोपण कर शुभकामनाएं दीं। संस्था द्वारा उपस्थित अतिथियों को कदम सम्मान पत्र प्रदान किए गए और सभी ने मिलकर कदम का पारंपरिक गीत भी गाया। अपनी भावनाएं व्यक्त करते हुए गुरप्रीत सिंह कालरा ने कहा कि कदम संस्था में अपना जन्मदिन मनाकर वे अभिभूत हैं। संस्था ने उनका दिन विशेष बना दिया। उन्होंने कदम संस्था की आजीवन सदस्यता भी ग्रहण की। एडवोकेट अतुल देव श्रीवास्तव ने कहा कि कदम संस्था पर्यावरण संरक्षण की दिशा में उत्कृष्ट कार्य कर रही है और लोगों को भी इसमें योगदान देना चाहिए। शीतेश जैन ने बताया कि वे हर वर्ष अपनी वैवाहिक वर्षगांठ इसी तरह पौधारोपण कर मनाते हैं और अन्य लोगों से भी इस पुनीत कार्य में शामिल होने की अपील की। कार्यक्रम में उषा चौधरी, दीपमाला सैनी, राधेश्याम नेमा, प्रभात जैन, डॉ. केदारनाथ शर्मा, दीपक राजपूत एवं संजय रजक की विशेष उपस्थिति रही।

# जो राम का नहीं, वो किसी काम का नहीं : अनंताचार्य अमृत जी महराज

**दमोह।** लवकेश्वरनाथ महादेव मंदिर में नव दिवसीय श्री राम महायज्ञ एवं श्री राम कथा में अनंत विभूषित श्रीमद् जगतगुरु रामानुजाचार्य स्वामी अनंताचार्य अमृत जी महराज पीठाधीश्वर महाकाली महाविद्या सिद्ध पीठ रनेह मध्यप्रदेश



बालों ने बताया कि भगवान की कथा सुनने एवं संत दर्शन को जाते समय माया ओर अभिमान का त्याग करके जाना चाहिए। भगवान शंकर जब राम कथा सुनने गए तो शंभु बनकर गए, विश्वनाथ बनकर नहीं पर माता सती जगजननी और भवानी बनकर गई। इसलिए रामकथा को अच्छे से श्रवण नहीं कर पाई। और भगवान की माया के चक्कर में पढ़कर भगवान शिव के द्वारा त्याग दी गई। क्योंकि शंकर भगवान का मानना यही हे कि जो राम का नहीं बो किसी काम का नहीं। इसलिए माता सती को अपने ही पिता के यज्ञ में देह त्यागना पड़ी पर मरते समय भगवान नारायण की शरण में गई और वरदान मांगा कि भगवान शंकर में मेरा अनुराग बना रहे इसीलिए अगले जन्म में पार्वती के रूप में अवतार लिया बहुत बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा सुनने आ रहे हे। साथ ही प्रातः काल माता महाकाली का सिद्ध दरबार भी लगता हे जिसमें असाध्य रोगों का इलाज मंत्र चिकित्सा के माध्यम से होता हे।

# बिना परमिट दौड़ रहीं बसों पर पुलिस ने की बड़ी कार्रवाई

### दो बस ऑपरेटरों पर दस–दस हजार का जुर्माना

**दमोह - बांदकपुर।** बनवार रोड पर बिना परमिट संचालित हो रही बसों पर पुलिस ने सघन चेकिंग अभियान चलाते हुए कार्रवाई की। पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदौरिया और एसडीओपी पथरिया प्रिया सिंधी के निर्देशन में हिंडोरिया थाना प्रभारी धर्मेंद्र उपाध्याय तथा चौकी प्रभारी बांदकपुर राजेंद्र मिश्रा की टीम ने बसों की जांच की। चेकिंग के दौरान दमोह से गोला पट्टी–सलैया रूट पर चल रही जैन बस सर्विस तथा बांदकपुर से बनवार मार्ग पर दौड़ रही ताज बस सर्विस को बिना परमिट संचालन करते पाया गया। दोनों बस ऑपरेटरों पर तत्काल दस–दस हजार रुपए का चालान किया गया। अवैध संचालन पर की गई इस सख्त कार्रवाई से बस संचालकों में हड़कंप मच गया। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि बिना परमिट, ओवरलोडिंग और सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने वाली किसी भी बस को बख्शा नहीं जाएगा और ऐसे अभियान लगातार जारी रहेंगे।

## अतिक्रमण हटाने के बाद कार्य प्रारंभ



**अजबधाम।** जनपद पंचायत बटियागढ़ के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत पौड़ी फतेहपुर में स्वीकृत हुए कुछ कार्य बारिश व अतिक्रमण के करण अधूरे छोड़ दिये गए थे जिन्हें पुनः प्रारंभ किया गया है। मौका स्थल पर जाकर देखा गया तो गुणवत्ता अनुसार मैटेरियल के साथ कार्य प्रारंभ है। जबकी ग्रामीणों द्वारा इस पंचायत में स्वीकृत हुए कार्यों की शिकायत भी की गई थी की सरपंच सचिव द्वारा राशि निकाली गई, कार्य अधूरे छोड़ दिये गए। वहीं जब इसकी जानकारी सरपंच सचिव से ली तो उन्होंने बताया की राशि पंचायत के खाते में आने के बाद कार्य प्रारंभ किए गए थे लेकिन जिस जमीन पर कार्य प्रारंभ होना था। उस जमीन पर कुछ अतिक्रमण होने के करण अतिक्रमण को हटाने के बाद कार्य प्रारंभ किया गया। बारिश होने की वजह से जो कार्य चल रहे थे उन्हें वहीं पर बंद कर दिया गया था। बारिश खत्म होने के बाद कार्य पुनः प्रारंभ किया जाना था जो की तीन से चार महीने इंजीनियर की हड़ताल होने के करण भी कार्य समय पर प्रारंभ नहीं हो पाया। हड़ताल खत्म होने के बाद कार्य प्रारंभ हो गए हैं जो की मौका स्थल पर कार्य जारी है।

### समनापुर ग्राम पंचायत में स्वच्छता अभियान पड़ा ठप्प

**तेन्दूखेड़ा।** केन्द्र सरकार के स्वच्छ भारत अभियान की गांवों में तस्वीर बहुत खराब है ऐसा ही नजारा तेंदूखेड़ा ब्लॉक के समनापुर ग्राम पंचायत में देखा जा रहा है यहां पर हर जगह गंदगी का अंबार नजर आ रहा है। मजे की बात यह है कि इसी मार्ग से प्रतिदिन अधिकारी, कर्मचारी व जन-प्रतिनिधि अन्य ग्राम पंचायतों के लिए निकलते हैं जिले भर में स्वच्छता अभियान के लिए दिशा निर्देश जारी होते हैं, लेकिन उसके बाद भी समनापुर में स्वच्छता अभियान में ग्रहण लगा हुआ है। किसी भी जिम्मेदार की नजर उस पर नहीं पड़ती समनापुर में कचरे से लोग परेशान हैं। जगह-जगह कचरे के ढेर लगे रहते हैं। स्वच्छ भारत अभियान राष्ट्रीय स्तर का अभियान है। जिसका उद्देश्य है गांव व शहर को साफ सुथरा रखना, पंचायत स्तर पर स्वच्छता को बनाए रखना। लोगों को जागरूक करने की पूरी जवाबदारी ग्राम पंचायत की रहती है परंतु आशाओं एवं उद्देश्यों के विपरीत समनापुर ग्राम में गंदगी से सराबोर है। ऐसी स्थिति में आम जनता को जागरूक न करना शासन की मंशा पर पानी फेरता नजर आ रहा है। अधिकारी व जनप्रतिनिधि गंदगी को नजर अंदाज कर रहे है।

## मडियादो के मोटे महादेव मंदिर से कलश चोरी

**अज्ञात चोरों ने मंदिर पर चढ़कर चुराए पांच कलश**

**मडियादो।** बस्ती के प्रसिद्ध मोटे महादेव जी मन्दिर से कलश चोरी होने की घटना सामने आई। अज्ञात चोरों ने मंदिर पर चढ़कर मुख्य कलश सहित चारो कंगूरों पर लगे कलश चुरा लिए गए। सुबह मंदिर दर्शनों को पँहुचे श्रद्धालुओं ने मंदिर के पिछले हिस्से पर नसेनी लगी देखी तो चोरी का पता लगा,, उसके बाद मडियादो थाना पुलिस को सूचना दी गई। चोरी गए 4 कलश पीतल की धातु के थे जबकि मुख्य शिखर का कलश प्राचीन समय का बताया गया। वहीं सूचना के बाद मडियादो पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। इस संबंध में थाना प्रभारी शिवांगी गर्ग ने बताया कि चोरों का जल्द पकड़ा जाएगा। जांच जारी है।



## लगाया गया जन समस्या निवारण शिविर




**जबेरा।** जिला कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर एसआईआर सर्वे कार्य का निरीक्षण करने विगत दिनों जबेरा के हरिजन मोहल्ला पहुंचे थे। जहां पर बड़ी संख्या में महिलाये ने एकत्रित होकर कलेक्टर श्री कोचर को विभिन्न मांगों को लेकर अपनी समस्याएं बताईं थी। जिन्हें कलेक्टर श्री कोचर द्धारा ध्यान से सुनते हुए समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु जबेरा जनपद सीईओ डॉ रामेश्वर पटेल के मार्गदर्शन में हरिजन मोहल्ला में जन समस्या निवारण शिविर आयोजित करने हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया था। जिसके तहत शनिवार को जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारियों ने उपस्थित होकर लोगों की समस्यायों को सुना और मौके पर ही निराकरण करने का प्रयास किया। शिविर में खाद्य विभाग के 14, महिला बाल विकास विभाग के 41, विद्युत विभाग 01, पीएम आवास 53, सामाजिक न्याय विभाग 06, पंचायत विभाग 06, श्रम विभाग 07 एवं राजस्व विभाग से संबंधित 02 प्रकरणों सहित कुल 130 आवेदन शिविर में आए। जिसमें 120 प्रकरणों का मौके पर ही निराकरण किया गया। शिविर में मुख्य रूप से जबेरा जनपद सीईओ डॉ रामेश्वर पटेल, तहसीलदार सोनम पांडेय,एसडीओ ब रेंजर फॉरेस्ट विभाग, महिला बाल विकास अधिकारी रिंकल घनघोरिया, स्वच्छता प्रभारी धर्मंद्र रजक, पीएम आवास प्रभारी विकास मिश्रा, सामाजिक न्याय विभाग से भरत नेमा,आईटी से नितिन गुप्ता,श्रम निरीक्षक राहुल पटेल,उपमंत्री आरके वर्मा,सरपंच शिवलाल धुर्वे,सचिव जन्मेजय दुबे,रोजगार सहायक सुदीप मेहरा सहित सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## पूर्ण सहयोग के लिए तत्पर, परिवार को मिलेगी त्वरित सहायताः कलेक्टर

# प्राथमिक शिक्षक एवं बीएलओ के निधन पर कलेक्टर पहुंचे पठारी गांव, परिजनों से मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



पठारी गांव के प्राथमिक शिक्षक, जो एसआईआर कार्य में बीएलओ के रूप में भी अपनी सेवाएँ दे रहे थे, उनके आकस्मिक निधन पर कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने गहरा दुख व्यक्त किया। कलेक्टर स्वयं पठारी गांव पहुँचे और दिवंगत शिक्षक के परिजनों से मुलाकात कर सांत्वना दी। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा घटना अत्यंत दुखद है और पूरा जिला प्रशासन शोकाकुल परिवार के साथ खड़ा है। उन्होंने कहा एक्स-ग्रेशिया सहायता राशि परिवार को प्रदान की जा चुकी है, और अब अगले एक सप्ताह के भीतर उनकी ग्रैच्युटी, जीपीएफ सहित सभी देयक उनके उत्तराधिकारी के खाते में अंतरित कर दिए जाएंगे। उन्होने बताया दिवंगत शिक्षक के परिवार ने अनुकम्पा नियुक्ति के लिए सहमति दी है, और उन्हें भृत्य चतुर्थ श्रेणी के पद पर नियुक्त किया जाएगा। प्रयास है 30 नवंबर तक आदेश जारी कर दिए जाएं, ताकि वह 1 दिसंबर से ज्वाइन कर सकें। कलेक्टर श्री कोचर ने बताया परिवार की तीन बेटियों में से दो बेटियों ने कार्य करने की इच्छा जताई है। उन्होने कहा जिला प्रशासन निजी क्षेत्र में उनकी योग्यता के अनुरूप बेहतर रोजगार उपलब्ध कराने का प्रयास करेगा। उन्होने आश्वासन दिया यदि परिवार को किसी भी अन्य प्रकार की सहायता की आवश्यकता हो, तो जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग पूर्ण सहयोग के लिए तत्पर हैं। उन्होंने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा ईश्वर परिवार को यह दुख सहने की शक्ति दे, और प्रशासन हर कदम पर उनके साथ खड़ा है।